**खबर संक्षेप**

## रोटरी क्लब विराट और साईं सेवा समिति ने सुधारे मेडिकल कॉलेज के व्हीलचेयर



**शहडोल**। बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों और परिजनों को लंबे समय से व्हीलचेयर खराब होने की समस्या से जूझना पड़ रहा था। वार्ड से लेकर एक्स-रे, सोनोग्राफी, रक्त जांच कक्ष या दवा वितरण केंद्र तक मरीजों को ले जाना परिजनों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका था। विशेषकर भर्ती और डिस्चार्ज के दौरान मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल तक ले जाने में भारी परेशानियां सामने आती थीं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए रोटरी क्लब विराट शहडोल और साईं सेवा समिति शहडोल ने सराहनीय पहल की। दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से मेडिकल कॉलेज के सात खराब पड़े व्हीलचेयर को ठीक कराया और उन्हें पुनः मरीजों की सेवा में उपलब्ध करा दिया। इस पहल से न केवल मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिलेगी, बल्कि अस्पताल प्रशासन के कार्यों में भी सुगमता आएगी।

**समाजसेवियों ने दिया सहयोग**

इस कार्य में रोटरी क्लब के पदाधिकारी और समाजसेवी सक्रिय रूप से शामिल रहे। इनमें रोटे. सी. एम. मेहानी, रोटे. दीपक गौतम, रोटे. सुशील खोडियार, रोटे. अशोक सराफ, रोटे. देवेंद्र श्रीवास्तव, रोटे. डॉ. कपिल कुमार मिश्रा, रोटे. देवेंद्र ठारवानी, समाजसेवी शेखर दंड और समाजसेवी क्रिस्टी अब्राहम प्रमुख रूप से मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने रोटरी क्लब विराट और साईं सेवा समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। सामाजिक संगठनों की यह सक्रिय भागीदारी स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग की मिसाल पेश करती है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल**। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंगरी में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी.यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित हो रहा है। इसका उद्देश्य ग्राम स्तर पर पदस्थ फील्ड फंक्शनरीज एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को योजनाओं, कार्यप्रणाली और कौशल की समुचित जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के कर्मचारी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को विभिन्न मॉड्यूल्स तथा ग्राम विकास योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2025 को आयोजित विशेष ग्राम सभा में अनुमोदित कराया जाएगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित प्रशिक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत सरकार के निर्देश अनुसार अभियान को संचालित कर प्रत्येक गांव को समृद्धि, आत्मनिर्भरता और सुशासन का आदर्श बनाना है।



### शहडोल में मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना विवाद

# प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद रुकी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना

**प्रशासन की बैठक के बाद 24 घंटे टली पूजा**
**चपरा परिवार का मालिकाना हक दावा**
**20 नागरिकों पर नोटिस, प्रशासन ने संतुलन साधा**



**शहडोल**। शहडोल में नवरात्र के पहले ही दिन मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना पर बड़ा विवाद सामने आया। दशकों से किरण टॉकीज के पास स्थित ऐतिहासिक स्थल पर प्रतिमा स्थापित होती रही है, लेकिन छपरा परिवार द्वारा स्वामित्व का दावा करने और प्रशासनिक नोटिसों के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 126 व 135(3) के तहत कार्रवाई करते हुए 20 लोगों को चिन्हित कर जमानत बांड भरने का आदेश दिया। लंबी बैठक के बाद प्रशासन ने परंपरा को मान्यता दी, लेकिन पूजा स्थापना 24 घंटे बाद कराने का निर्णय लिया। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना को लेकर शहर में बड़ा विवाद गहराता दिखा। किरण टॉकीज के पास स्थित ऐतिहासिक पुरानी बावली, जहां पिछले चार दशकों से प्रतिमा स्थापित होती आई है, इस बार विवाद का केंद्र बन गई। एक ओर चपरा परिवार ने इस स्थान पर मालिकाना हक का दावा करते हुए प्रतिमा स्थापना रोकने की मांग की, तो दूसरी ओर स्थानीय मोहल्ले के सैकड़ों नागरिक, जो बीते छह माह से अनशन पर हैं, वह परंपरा निभाने पर अड़े रहे। सोमवार की सुबह अनशनकारियों ने पंपलेट व फ्लेक्स के माध्यम से शाम चार बजे प्रतिमा स्थापना की घोषणा कर दी। इसके बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बीएनएस की धारा 126 व 135(3) के तहत नोटिस चस्पा किए और 20 प्रमुख नागरिकों के नाम चिन्हित किए। नोटिस में स्पष्ट किया गया कि शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए प्रत्येक चिन्हित व्यक्ति को 5,000 रुपये का जमानत बांड भरने का आदेश दिया गया है।

### 20 लोगों पर कार्रवाई

प्रशासन ने जिन 20 नागरिकों के नाम दर्ज किए उनमें संदीप सोनी, प्रदीप सोनी, मुकेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, विजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, पियुष सोनी, हरिराम गुप्ता, लालचंद उर्फ बबलू, विजय साहू, ध्रुव गुप्ता, उपेंद्र जायसवाल, अजीत कुमार लालवानी, धर्मेंद्र कुमार, शिवेन्द्र प्रताप सिंह और सुमित बहरानी जैसे नाम शामिल हैं। सभी पर प्रशासन ने शांति भंग की आशंका जताते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी।

### चपरा परिवार का दावा

विवाद की जड़ भूमि का स्वामित्व है, चपरा परिवार ने खसरा नंबर 72/1/1, रकबा 1.034 हेक्टेयर में से 0.052 हेक्टेयर भूमि तथा खसरा नंबर 76 का हवाला देते हुए दावा किया है कि यह भूमि उनके पूर्वजों की है और इसे सार्वजनिक धार्मिक आयोजन के लिए उपयोग करना गलत है। चपरा परिवार का कहना है कि पूर्व में भी इस भूमि को लेकर तहसीलदार और कलेक्टर कार्यालय से आदेश पारित हुए हैं।

### नागरिकों की आपत्ति




दूसरी ओर स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह स्थल सदियों से सार्वजनिक धार्मिक आयोजनों का केंद्र रहा है। यहां सिर्फ दुर्गा पूजा ही नहीं बल्कि होली, जन्माष्टमी और अन्य पर्व भी मनाए जाते हैं। उनका आरोप है कि चपरा परिवार ने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर जमीन पर कब्जा दिखाने की कोशिश की और धार्मिक आयोजनों को रोकने का प्रयास किया।

### प्रशासनिक बैठक और निर्णय

विवाद बढ़ता देख सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में लंबी बैठक बुलाई गई। इसमें एसडीएम सोहागपुर, तहसीलदार, कोतवाली पुलिस, दोनों पक्षों के अधिवक्ता और प्रबुद्धजन शामिल हुए। लगभग दो घंटे चली बैठक में दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। प्रशासन ने संतुलन साधते हुए कहा कि जहां 40 वर्षों से प्रतिमा स्थापित होती रही है, वहीं इस बार भी स्थापना होगी, लेकिन माहौल को देखते हुए प्रतिमा स्थापना सोमवार को न होकर मंगलवार को की जाएगी।



### जीत मान रहे अनशनकारी

बैठक से लौटने के बाद अनशनकारियों ने मंच से सार्वजनिक घोषणा की। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे ढोल-नगाड़ों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर निकले और जयकारों के बीच उसे अनशन स्थल के पास रखा। उन्होंने इसे अपनी जीत बताया और कहा कि उनकी आस्था और परंपरा पर प्रशासन ने मुहर लगाई है।

### फ्लेक्स और पंपलेट से माहौल गरमाया

इस पूरे विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने फ्लेक्स और पंपलेट के माध्यम से अपनी-अपनी बात रखी। प्रशासन द्वारा लगाए गए फ्लेक्स में शासन के आदेशों का हवाला दिया गया, वहीं नागरिकों द्वारा जारी आमंत्रण पत्र में खसरा नंबर और पुराने आदेशों का जिक्र करते हुए धार्मिक आयोजनों पर रोक को अवैध बताया गया। आखिरकार प्रशासन की सख्ती और सूझबूझ से बड़ा टकराव टल गया। मंगलवार को प्रतिमा स्थापना के साथ पूजा-अर्चना शुरू होगी और नवरात्र महोत्सव पूर्व की तरह उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा।

## 'अटल निलय' भाजपा कार्यालय में प्रबुद्ध जन संवाद आज



**शहडोल**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार 23 सितंबर को शहडोल नगर के कमला नगर स्थित 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में प्रबुद्ध जन संवाद का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की अध्यक्षता में होगा। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बृजेश गौतम होंगे, जो विकसित भारत के निर्माण विषय पर प्रबुद्धजनों को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से जिले के सभी मंडलों में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, प्रकोष्ठ संयोजक, नगर पालिका प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, अधिवक्ता, डॉक्टर, अध्यापक, पत्रकार, समाजसेवी व अन्य प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## जाम हटवाने गए प्रधान आरक्षक पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल**। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अस्पताल परिसर के पास सोमवार को पुलिस पर हमला करने की घटना सामने आई है। जाम हटवाने पहुंचे प्रधान आरक्षक पर एक युवक ने न सिर्फ गाली-गलौज और मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

**जाम हटवाने के दौरान हुआ विवाद**

पुलिस के मुताबिक, अस्पताल के सामने सडक़ पर जाम की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलने पर थाने से प्रधान आरक्षक सुखेंद्र त्रिपाठी और एक अन्य आरक्षक को जाम हटवाने भेजा गया। जब त्रिपाठी वाहन हटवाने में जुटे थे, तभी वहां मौजूद राजेश सिंह नामक युवक ने अचानक उन्हें गालियां देना शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने पुलिसकर्मी पर हमला बोल दिया।

**जान से मारने की धमकी भी दी**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी ने प्रधान आरक्षक को लात-घूंसों से पीटा और ड्यूटी के दौरान उन्हें जान से खत्म कर देने की धमकी तक दे डाली। इस दौरान दूसरा आरक्षक और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बावजूद पुलिसकर्मी को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी स्टाफ के साथ वहां पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया।

**मामला दर्ज, आरोपी सलाखों के पीछे**

पीड़ित प्रधान आरक्षक ने घटना की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी राजेश सिंह के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उप निरीक्षक मोहन पड़वार ने बताया कि ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक के साथ मारपीट और गाली-गलौज की पुष्टि हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और विवेचना जारी है। इस घटना से पुलिस विभाग में आक्रोश है।

## दीवार गिरने से महिला की मौत



### पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

**शहडोल**। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कुएं से पानी भर रही एक अधेड़ महिला अचानक गिरी पुरानी दीवार के मलबे में दब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम श्याम कली गडारी पति गुमई पाल उम्र 50 वर्ष है। घटना उस समय हुई जब वह अपने घर के पीछे स्थित कुएं से पानी निकाल रही थी। कुएं के पास बनी पुरानी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और महिला उसके नीचे दब गई। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और श्याम कली को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह दीवार काफी जर्जर हालत में थी और परिजन उसे जल्द गिरवाने वाले थे, लेकिन मजदूर न मिलने के कारण दीवार को हटाया नहीं जा सका। इसी कारण यह हादसा घटित हुआ। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। ब्यौहारी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

**इनका कहना है...**

जिस दीवार में महिला दबी वह महिला के घर में ही स्थित है। घटना के बाद परिजनों ने महिला को अस्पताल लाया था, जहां डॉक्टरो ने महिला को मृत्य घोषित कर दिया । जानकारी के बाद हम मौके पर पहुंच जांच कर रहे है। मामले में मर्ग कायम किया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

**मोहन पड़वार**
**उप निरीक्षक, थाना ब्यौहारी**

## नदी में डूबने से दो लोग लापता

### महिला का शव बरामद, ग्रामीण की तलाश जारी

**शहडोल**। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नदी के तेज बहाव ने दो जिंदगियां निगल लीं। इनमें से एक महिला का शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया है, जबकि दूसरी घटना में ग्रामीण की तलाश सोमवार देर शाम तक जारी रही। घटनाओं से क्षेत्र में मातम पसरा है। जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के बहगढ़ गांव में रविवार दोपहर यह हादसा हुआ। अनूपपुर जिले की रहने वाली 45 वर्षीय मुन्नी बाई रिश्तेदारी में बहगढ़ आई हुई थी। रविवार को वह सोन नदी में नहाने गई थी, तभी अचानक गहरे पानी में चली गई और तेज बहाव में बह गई। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। जैतपुर थाना प्रभारी जिया उल हक ने बताया कि रविवार शाम तक काफी तलाश की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा। सोमवार सुबह पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर दोबारा खोज शुरू की। घंटों की मशक्कत के बाद अंततः महिला का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।



### नदी पार करते समय बहा ग्रामीण

इसी तरह दूसरी घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र के नरवार गांव में घटी। यहां 55 वर्षीय शंकर सिंह गोड रविवार दोपहर मवेशी चराकर लौट रहे थे। बताया गया कि नदी पार करते वक्त अचानक तेज बहाव में संतुलन बिगड़ गया और शंकर बह गए। कुछ ग्रामीणों ने उन्हें पानी में बहते देखा, लेकिन बचाने की कोशिश नाकाम रही। शाम तक जब शंकर घर नहीं लौटे, तब गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सोहागपुर पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। हालांकि अंधेरा होने से रविवार को सर्च रोकना पड़ा। सोमवार सुबह फिर से तलाशी शुरू की गई, लेकिन देर शाम तक शंकर का कोई सुराग नहीं लग सका।

### मौसम और लापरवाही बनी खतरा


ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और धारा बेहद तेज है। इसके बावजूद लोग सावधानी बरतने के बजाय जोखिम उठाकर नदी पार करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस मौसम में नदियों के पास सतर्क रहें और अकेले पार करने का प्रयास न करें। दोनों घटनाओं के बाद संबंधित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस और रेस्क्यू दल लापता शंकर की तलाश में लगातार जुटे हुए हैं।

## सुमित गुर्जर का तबादला, भावना डेहेरिया संभालेंगी जिम्मेदारी

### वकील-तहसीलदार आमने-सामने, विवाद के बीच कलेक्टर का आदेश

**शहडोल**। सोमवार 22 सितंबर को सोहागपुर तहसील का माहौल पूरी तरह गर्मा गया। तहसील परिसर में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं का बड़ा समूह तहसीलदार सुमित कुमार गुर्जर पर रिश्वतखोरी, फाइलें अटकाने और अभद्र व्यवहार जैसे गंभीर आरोप लगाकर आंदोलन की तैयारी में जुटा था। वकीलों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने और ज्ञापन सौंपने का ऐलान कर दिया था। सुबह से ही अधिवक्ताओं का हुजूम तहसील परिसर में जमा होकर रणनीति बना रहा था, लेकिन दोपहर होते-होते पूरा घटनाक्रम अचानक पलट गया। सोशल मीडिया पर एक साथ दो पत्र वायरल हुए और पूरे विवाद का रुख ही बदल गया। पहला पत्र खुद तहसीलदार गुर्जर का था, जिसमें उन्होंने स्पष्ट लिखा कि वकीलों के विरोध और हड़ताल से कार्यालयीन कार्य बाधित हो रहे हैं। इस स्थिति में वे असहज महसूस कर रहे हैं और इसलिए कलेक्टर से अनुरोध किया है कि उनकी पदस्थापना किसी अन्य तहसील में कर दी जाए।कुछ ही देर बाद दूसरा पत्र सामने आया, जो कलेक्टर डॉ. केदार सिंह का आदेश था। इसमें प्रशासनिक कार्य-सुविधा का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से तहसीलदारों का तबादला कर दिया गया। आदेश के मुताबिक सोहागपुर तहसीलदार सुमित कुमार गुर्जर को बुढ़ार भेजा गया, जबकि बुढ़ार की तहसीलदार भावना डेहेरिया को सोहागपुर का नया तहसीलदार नियुक्त किया गया।


कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला शहडोल म.प्र.
आदेश



### वकीलों में बटा मत

इस घटनाक्रम ने अधिवक्ताओं को भी दो हिस्सों में बांट दिया। एक गुट इसे अपनी जीत करार देकर जश्न मनाने लगा कि उनके आंदोलन के दबाव में आखिरकार तहसीलदार को हटना पड़ा। वहीं दूसरा गुट मान रहा है कि तहसीलदार ने चालाकी से बाजी पलट दी। उनके इस्तीफा-नुमा पत्र और कलेक्टर के आदेश ने आंदोलन को शुरू होने से पहले ही खत्म कर दिया।

### जीत का श्रेय कौन ले?

सोहागपुर में अब यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि क्या यह तबादला वास्तव में वकीलों के दबाव का नतीजा है या फिर तहसीलदार की सोची-समझी रणनीति। कलेक्टर की ओर से जारी आदेश में साफ कहा गया है कि यह बदलाव प्रशासनिक सुविधा और कार्यकुशलता को देखते हुए किया गया है। बहरहाल, अब सोहागपुर की कमान भावना डेहेरिया के हाथों में है। अधिवक्ताओं और प्रशासन के बीच की खाई को भरना उनकी पहली बड़ी चुनौती होगी। वकीलों के आक्रोश और तहसीलदार की 'रणनीतिक गूगली' के बीच इस पूरे विवाद ने न केवल तहसील परिसर बल्कि प्रशासनिक गलियारों में भी हलचल मचा दी है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि सोहागपुर में वकीलों और नए तहसीलदार के बीच रिश्ते किस राह पर आगे बढ़ते हैं।

## आओ मिलकर करें विचार, स्वस्थ नारी से सशक्त परिवार

**शहडोल**। आओ मिलकर करें विचार, स्वस्थ नारी से सशक्त परिवार। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिले भर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान की जानकारी जनमानस को देने तथा जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में दीवार लेखन के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है। दीवार लेखन में नारी होगी स्वस्थ, परिवार रहेगा मस्त, नारी का हो सम्मान, परिवार बने महान, माँ का स्वास्थ्य अनमोल, परिवार बने बेमिसाल गोल, नारी का हो ध्यान, परिवार पाए मान, नारी है घर की प्यारी जान, उससे ही है जीवन की पहचान जैसे अन्य स्लोगन प्रदर्शित किये गए। स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं जिला अस्पताल-01, सिविल अस्पतालों-02, सामु.स्वा. केन्दों-08, प्राथ.स्वा. केन्द्रों-30, अर्बन पीएचसी-02, तथा आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों-213 कुल 256 संस्थाओं मे महिलाओं की निःशुल्क जांच तथा उपचार शिविर प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे है।

## आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, दो युवक घायल

### पुलिस ने समय पर पहुंचा कर बचाई जान

**शहडोल**। जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरवार तिराहे के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की तत्परता और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की सूझबूझ से घायलों को समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया गया, जिससे उनकी जान बच सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ, जब एक बाइक सवार शहडोल से रीवा की ओर जा रहा था और दूसरी बाइक मानपुर से शहडोल की ओर आ रही थी। नरवार तिराहे के पास दोनों वाहन आमने-सामने टकरा गए। हादसे में दोनों युवक सडक़ पर गिरकर लहूलुहान हो गए। इसी दौरान सरकारी कार्य से गुजर रहे ट्रैफिक प्रधान आरक्षक विवेकानंद तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घायल युवकों को संभाला और पुलिस की 112 डायल सेवा को सूचित किया। सूचना मिलते ही 112 वाहन में तैनात आरक्षक वीरेंद्र पटेल और पायलट युनुस परवेज घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज शहडोल भर्ती कराया।

### एक की हालत गंभीर

अस्पताल सूत्रों ने बताया कि दोनों युवकों को उपचार के लिए भर्ती किया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सक उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई और समय पर अस्पताल पहुंचाने की सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि घायलों को देर से उपचार मिलता तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलौड़ी स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास श्रमदान का आयोजन कर गीला कचरा, सूखा कचरा पृथककरण के बारे में बताया गया। उपस्थित जनों से कहा गया कि स्वच्छता रहने से वातावरण शुध्द रहता है । इसलिए आवश्यक है कि अपने गांव को स्वच्छ बनाएं रखे । गीले एवं सूखे कचरे को निर्धारित स्थल पर ही फेंके । कार्यक्रम में सरपंच बुद्धसेन सिंह, ग्राम रोजगार सहायक सुरेश मिशा, सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**उमरिया।** जिला समन्वयक स्वच्छता मनीषा कांड्रा ने बताया कि स्वच्छता पखवाडा के तहत ग्राम पंचायत इन्दवार में प्राथमिक स्वास्वस्थ्य केन्द्र इन्दवार में सफाई मित्र एवं उनके पूरे परिवार लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्व उमेश शर्मा सरपंच , गजेन्द्र वर्मा, ज्वाला प्रसाद यादव एवं स्वाच्छा ग्राही , अशुतोष चतुर्वेदी एवं ग्राम के गणमान्यं नागरिकगण उपस्थित रहे । डा. संदीप कुमार द्वारा उपस्थिति लोगो को स्वास्थ्य रहने के लिए मौसम अनकूल रहने के लिए कुछ बचाव विशेष सुझाव दिए गये।

### ग्राम हड़हा में बच्चों ने रैली निकालकर ग्रामीणों के मध्य जगाई स्वच्छता की अलख



**उमरिया।** जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत मसूरपानी के ग्राम हड़हा में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत बच्चो ने रैली निकालकर ग्रामीणों के मध्य स्वच्छता की अलख जगाई। रैली के माध्यम से उन्होने गांव, घर, मोहल्लें, गलियों को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने का संदेष दिया। इस दौरान प्राचार्य लालमन कोरी शिक्षक देवराम बैगा , आँगनवाडी सहायिका , जन प्रतिनिधि गण सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं, परामर्शदाता सोनाली तिवारी उपस्थिति रहे।

### आज मनाया जाएगा सांकेतिक भाषा दिवस

**उमरिया** । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 23 सितंबर को मनाया जाएगा । उन्होने प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य पालीटेक्निक , आईटीआई उमरिया, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी से कहा है कि संस्था में पंजीकृत श्रवण बाधित छात्र छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियों को 23 सितंबर को सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास लालपुर में प्रातः 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम हेतु लाना सुनिश्चित करें । कार्यक्रम दिव्यांगजनों के हितार्थ में संचालित योजनाओ की जानकारी दी जाएगी।

## कलेक्टर व विधायक ने सपत्नीक किए दर्शन, प्रशासन ने की व्यापक व्यवस्थाएं

# नवरात्र महापर्व का शुभारंभ

### मां बिरासनी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**उमरिया।** शारदेय नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को मां दुर्गा की उपासना का पर्व जयकारों और श्रद्धा की गूंज के साथ आरंभ हुआ। जिले के प्रमुख शक्तिपीठ बिरसिंहपुर पाली स्थित मां बिरासनी धाम मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। माता के दरबार में आस्था का ऐसा उत्साह देखने को मिला कि दूर-दराज़ गांवों से लोग पैदल, वाहनों और झांकियों के साथ मंदिर पहुंचे। नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन धर्मपत्नी सीमा जैन के साथ बिरासनी धाम पहुंचे। उन्होंने परंपरागत विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर घट स्थापना की और जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कलेक्टर ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व का आगाज 22 सितंबर से हो चुका है। इस दौरान किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्थाएं की गई हैं। हमारा प्रयास है कि उमरिया जिले के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और यह जिला प्रदेश की शीर्ष सूची में शामिल हो। कलेक्टर जैन ने मंदिर परिसर में सुरक्षा, सफाई और यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त बल तैनात रहे और श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान कतारबद्ध व्यवस्था मिले। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।



### विधायक बांधवगढ़ ने किया माता के चरणों में नमन

इसी अवसर पर विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह भी बिरासनी धाम पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी से क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण की प्रार्थना की। विधायक ने कहा कि मां बिरासनी की कृपा से इस क्षेत्र में सुख-शांति बनी रहती है। नवरात्र जैसे पावन पर्व पर माता के चरणों में नमन कर आत्मिक शांति प्राप्त होती है। विधायक ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वदेशी वस्तु अपनाओ' संदेश को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर हमें भारत में बनी वस्तुएं ही खरीदनी चाहिए। यदि हम नवरात्र से लेकर दीपावली तक स्वदेशी सामान खरीदें, तो यह न केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को भी लाभ होगा। यही सच्ची देशभक्ति और आत्मनिर्भर भारत का मार्ग है।

### मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

सुबह से ही बिरासनी धाम में भक्तों की कतारें लगी रहीं। माता की आरती और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर प्रबंधन समिति ने जगह-जगह प्रसाद और जल की व्यवस्था की। श्रद्धालु नारियल, चुनरी, धूप-दीप लेकर माता के चरणों में अर्पित कर रहे थे। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान कई सामाजिक संगठनों ने भी श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाए, जिनमें शीतल जल, चिकित्सा सहायता और लापता बच्चों की जानकारी देने हेतु हेल्पडेस्क शामिल था।

### प्रशासन की विशेष तैयारियां

नवरात्र मेले में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए इस बार भी प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर तक पहुंचने वाली सभी सडक़ों की मरम्मत की गई है। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस बल तैनात किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने मंदिर परिसर के पास प्राथमिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किया है।

### आस्था और संस्कार का पर्व

नवरात्र पर्व को लेकर जिलेभर में हर्षोल्लास का माहौल है। घर-घर में माता के नौ स्वरूपों की प्रतिमाएं और कलश स्थापित किए जा रहे हैं। कलेक्टर और विधायक के मां बिरासनी धाम दर्शन ने श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। जहां प्रशासन ने बेहतर व्यवस्थाओं का भरोसा दिलाया, वहीं जनप्रतिनिधियों ने स्वदेशी अपनाने और क्षेत्रीय विकास का संदेश दिया। नवरात्र के इस शुभ अवसर पर बिरासनी धाम आस्था और भक्ति का केंद्र बना हुआ है। मां के जयकारों के बीच प्रशासन की व्यवस्थाएं और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने पर्व की गरिमा को और बढ़ा दिया। श्रद्धालु भी अपने विश्वास और संकल्पों के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगाकर अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व टीम ने अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के लिये प्राप्त किया प्रशिक्षण



**उमरिया।** बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के अधिकारियों और कर्मचारियों को आगामी अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 ( ऐट-2026) की तैयारियों हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण विगत सप्ताह, मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिज़र्व में आयोजित तीन दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला में दिया गया।
कार्यशाला में मध्य भारत और पूर्वी घाट टाइगर लैंडस्केप से 5 राज्यों (मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड) के चयनित 150 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें 22 टाइगर रिज़र्व से आए प्रतिभागियों को डिजिटल निगरानी, लाइन ट्रांसेक्ट, वन्य प्राणी आवास सर्वेक्षण, कैमरा ट्रैपिंग, एम-स्ट्राइप ऐप और जीपीएस डिवाइस के उपयोग का गहन प्रशिक्षण दिया गया। मध्य प्रदेश वन विभाग मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व उमारिया से चार अधिकारी और कमर्चारी को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत किया गया था । जिसमे डॉ. अनुपम सहाय, क्षेत्र संचालक, विवेक सिंह उपसंचालक, महावीर पांडेय परिक्षेत्र अधिकारी कल्लवाह तथा कमलेश नंदा, वनरक्षक शामिल थे । अधिकारी कर्मचारी अब मास्टर ट्रेनर के रूप में बाँधवगढ़ के सभी 9 परिक्षेत्रों तथा शहडोल वन वृत के अन्य वन मंडलों के स्टाफ को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देंगे।
कार्यशाला में एनटीसीए और भारतीय वन्यजीव संस्थान के डब्ल्यू आई आई विशेषज्ञों ने तीसरे चरण मे शाकाहारी वन्य प्राणी सर्वेक्षण, साइन सर्वेक्षण व स्कैट संग्रहण) और चरण-तीसरे (कैमरा ट्रैपिंग) प्रोटोकॉल पर मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा, आनुवंशिक अध्ययन, कैमरा-ट्रैपिंग के व्यावहारिक अभ्यास और छोटे जंगली बिल्लियों (जैसे कैराकल, मछली पकडऩे वाली बिल्ली, एशियाई सुनहरी बिल्ली आदि) को भी सर्वेक्षण दायरे में शामिल करने पर जोर दिया गया। उद्घाटन सत्र को एल. कृष्णमूर्ति (अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव) और डॉ. वैभव माथुर (डीआईजी, एनटीसीए) ने संबोधित किया। नोडल अधिकारी डॉ. बिलाल हबीब एवं सह-नोडल अधिकारी डॉ. विष्णुप्रिया कोलिपकम ने पिछले जनगणना चक्रों से मिली महत्वपूर्ण सीख साझा की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 की पाँचवीं राष्ट्रीय बाघ गणना के अनुसार, भारत में बाघों की संख्या 3,682 है, जो 2006 के 1,411 से तीन गुना अधिक है। भारत विश्व की लगभग 75ः जंगली बाघ आबादी का घर है। आईटीई-2026 की अंतिम रिपोर्ट विश्व बाघ दिवस पर प्रधान मंत्री जी के द्वारा जारी की जाती है।
क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में इस हेतु समय सारणी तैयार कर प्रथम चरण एवं तीसरे चरण का प्रशिक्षण सभी परिक्षेत्र अधिकारियों से लेकर अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों तक को समयबद्ध प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे । आईटीई-2026 में बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व की भागीदारी सशक्त और प्रभावी हो सके तथा बांधवगढ़ के बाघों की सटीक संख्या प्राप्त हो सके।

## आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल ने बताया कि 23 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमित बच्चों में कुपोषण और खून की कमी होती है जिसके करण बच्चों में थकावट रहती है और संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होता । उन्होंने कहा कि सभी स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्रो मे 1 से 19 साल तक के बच्चे को कृमी की गोली सभी बच्चों को खाना खाने के बाद खिलाई जानी है जिससे कृमी से मुक्ति मिल सके । उन्होंने बताया कि 20 से 49 वर्ष तक की गर्भवती सभी महिलाओ को भी एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी । जो गाली खाने से छूट जाएगी उन्हें 26 सितंबर को मापअप दिवस पर खिलाई जाएगी । कृमि की गोली से उम्र अनुसार 1 से 2 साल के बच्चे को आधी गोली पीसकर, व 2 से 3 साल के बच्चे को एक गोली पीसकर खाना खाने के बाद खिलाई जाएगी। इसी प्रकार 4 से 19 साल तक के बच्चे को खाना खाने के बाद एक गोलीं चबाकर सभी स्कूल मे शिक्षक द्वारा खिलाई जाएगी व आंगनवाड़ी केंद्र मे आंगनवाड़ी द्वारा खिलाया जाना है व शाला त्यागी बच्चे व प्रजनन काल की 20 वर्ष से 49 वर्ष की सभी महिलाओं को आशा कार्यकर्ता द्वारा कृमि की गोली खिलाई जाएगी। डॉ मुकुल तिवारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि उक्त के संबंध में ब्लॉक मानपुर पाली करकेली के समस्त मैदानिक कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### बी साईराम होंगे कोल इंडिया के नये चेयरमैन



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** बी साईराम कोल इंडिया के नये चेयरमैन होंगे। उनके नाम की अनुशंसा पब्लिक एंटरप्राइजेज सेलेक्शन बोर्ड (पीइएसबी) ने शनिवार को की। बोर्ड ने 11 अधिकारियों का इंटरव्यू लिया। साईराम फिलहाल नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के सीएमडी हैं। पीइएसबी ने उनके नाम की अनुशंसा केंद्र सरकार से कर दी है। केंद्र की स्वीकृति मिलने के बाद चेयरमैन बनाये जाने संबंधी आदेश जारी होगा। बताते चलें कि वर्तमान चेयरमैन पीएम प्रसाद 31 अक्तूबर को रिटायर हो रहे हैं। उनके स्थान पर बी साईराम पदभार ग्रहण करेंगे।

#### कार्य करने का 33 साल का है अनुभव

26 अक्तूबर 2022 को बी साईराम ने सीसीएल में निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) का पदभार संभाला था। साईराम ने एनआइटी रायपुर से खनन इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उनके पास कोयला क्षेत्र कार्य करने का 33 साल का अनुभव है। उन्होंने खदान संचालन, योजना, लॉजिस्टिक्स और नियामक अभ्यास में विभिन्न क्षमताओं में काम किया है। सीसीएल में डीटी (पीएंडपी) का पदभार संभालने से पहले बी साईराम कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय में कार्यकारी निदेशक थे।

#### इंटरव्यू में ये थे शामिल

इंटरव्यू में सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, कोल इंडिया के निदेशक, मार्केटिंग मुकेश चौधरी, एमइसीएल के सीएमडी इंद्रदेव नारायण व एनसीएल के सीएमडी बी साईराम शामिल हुए। इंटरव्यू में मुकेश चौधरी डायरेक्टर (मार्केटिंग) कोल इंडिया लिमिटेड, इंद्रदेव नारायण सीएमडी एमइसीएल, बी साईराम सीएमडी एनसीएल, नीलेंदु कुमार सिंह सीएमडी सीसीएल, पंकज कुमार शर्मा डायरेक्टर (प्रोडक्शन) नालको, विश्वनाथ सुरेश डायरेक्टर (कमर्शियल) एनएमडीसी, विनय कुमार डायरेक्टर (टेक्निकल) एनएमडीसी, अनुज जैन डायरेक्टर (फाइनेंस) इंडियन ऑयल, हेमंत कुमार दास एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर (प्रोजेक्ट्स) पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, आलोक सिंह प्रिंसिपल कमिश्नर आयकर विभाग (राजकोट) और डॉ पुड़ी हरिप्रसाद चीफ एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर रेलवे शामिल हुए।

### स्वास्थ्य विभाग ने सिकल सेल एनीमिया का लगाया शिविर



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा मे प्रत्येक माह की 22 तारीख को स्वास्थ्य विभाग अनुसार एवं जनस्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के सहयोग से सिकल सेल एनीमिया का शिविर लगाया जाता है। इसी तारतम्य में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा मे सिकल सेल एनीमिया के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे सिकल सेल एनिमिया से ग्रसित लगभग 102 मरीजों का उपचार करते हुए औषधीय वितरित किया गया। शिविर मे डाक्टर संगीता प्रजापति द्वारा सभी मरीजों की जांच की गई। जनस्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था से पवन गुप्ता रोशनी राठौर माया सिंह ममता सिंह सीमा सिंह भरत साहू शामिल रहे। लगभग 42 मरीजों को वैक्सिनेशन किया गया।

*गोलबाजार में चल रही रामलीला देखने उमड़ रहे श्रद्धालु*

## राम ने तोड़ा शिव धनुष, सीता ने पहनाई जयमाला, लक्ष्मण-परशुराम संवाद हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गोलबाजार में चल रही श्री शारदा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में रविवार को धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर लक्ष्मण परशुराम संवाद का मनमोहक मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने, माता सीता द्वारा उन्हें वरमाला पहनाने और फिर क्रोधित परशुराम व लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद की लीला देख पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा।

मंचन की शुरुआत राजा जनक के दरबार से हुई, जहां देश-विदेश से आए कई बलशाली योद्धा शिव धनुष को हिलाने में भी असमर्थ रहे। रावण भी अपनी शक्ति आजमाने के लिए दरबार पहुंचा लेकिन धनुष की महिमा जानकर वापस लौट गया।



जब कोई भी वीर धनुष नहीं उठा पाया, तो राजा जनक निराश हो गए और उन्हें चिंता हुई कि उनकी पुत्री सीता का विवाह कैसे होगा। इस पर क्रोधित होकर लक्ष्मण ने सभी को ललकारा, जिसके बाद गुरु विश्वामित्र ने भगवान राम को धनुष तोड़ने का आदेश दिया। गुरु की आज्ञा मिलते ही भगवान राम ने सहजता से धनुष उठा लिया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष टूट गया। धनुष टूटते ही जोरदार आतिशबाजी और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सीता ने भगवान राम के गले में वरमाला डाली।

शिव धनुष टूटने का आभाष जैसे ही परशुराम को हुआ वे क्रोध में जनकपुरी पहुंचे। वहां उन्होंने धनुष तोड़ने वाले का परिचय पूछा, जिसके बाद लक्ष्मण के साथ उनका तीखा संवाद शुरू हो गया। लक्ष्मण के व्यंग्य और परशुराम के क्रोध भरे वचनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में, भगवान राम ने अपने शांत और विनम्र स्वभाव से परशुराम के क्रोध को शांत किया और उन्हें अपना विष्णु अवतार स्वरूप दिखाया। भगवान का विराट रूप देखकर परशुराम ने उनसे क्षमा मांगी और वहां से चले गए।

गोलाबाजार में हो रही रामलीला के दौरान सुदर्शना क्लब और भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने एक साथ मिलकर भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी की भव्य आरती की। यह आयोजन गोलाबाजार की रामलीला में भक्ति और श्रद्धा का एक विशेष पल था।

## चेक अनादरण के मामले में 1 लाख 37 हजार रूपए का अर्थदंड एवं 6 माह का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चेक अनादरण के मामले में श्रीमती मनीषा जैन (तिवारी) न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कटनी द्वारा 1 लाख 37 हजार रूपए का अर्थदंड एवं 6 माह का कारावास की सजा का 15.09.2025 को आदेश पारित किया गया।

मामला इस प्रकार है कि आरोपी रमेश पटेल पिता मोतीलाल पटेल, 38 वर्ष, निवासी ग्राम खिरवाखुर्द, पोस्ट- डीघी, थाना/तहसील- विजयराघवगढ, कटनी, म.प्र. ने ट्रेक्टर की किश्त अदायगी हेतु परिवादी फर्म, तरूषि आयशर ट्रेक्टर प्रोप्रा-शंकर धामेचा, अहमदनगर, कुठला, कटनी से राशि-80,000 रूपए नगद उधार प्राप्त किया था, और कहा था कि तीन माह के अंदर उक्त उधार अदा कर चुकता करेगा। निर्धारित समय में भुगतान ना देने पर तथा परिवादी द्वारा उक्त उधार की अदायगी की मांग करने पर आरोपी ने अपने बैंक कार्पोरेशन बैंक का चैक राशि- 80,000 रूपए का परिवादी फर्म को दिया था। 'उक्त चैक अनादरण पश्चात सूचना मिलने के बावजूद आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जिस पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया। आरोपी द्वारा अपने बचाव में कहा गया कि परिवादी फर्म के अधिवक्ता ने खाता संख्या का 1 अंक गलत लिखा है, जिसके बचाव को न्यायालय द्वारा यह कह इंकार किया गया कि नोटिस प्राप्ति के बाद आरोपी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया तथा परिवादी अधिवक्ता द्वारा की गई लिपीकीय त्रुटि का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी आरोपी नहीं है, इसके अलावा न्यायालय ने यह भी कहा कि आरोपी द्वारा चैक राशि भुगतान हेतु का प्राप्त सम्मन पर भी चैक राशि का भुगतान नहीं दिया है तथा आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए 6 माह का कारावास की सजा से दंडित किया गया तथा आरोपी को चैक राशि पर कुल- 1,31,140 रूपए का जुर्माना का भुगतान न अदा करने पर दो माह का कारावास की सजा को भुगतने के अलावा अधिवक्ता खर्च 1 हजार परिवाद खर्च 5 हजार भी परिवादी को आरोपी से प्राप्त करने का अधिकारी घोषित किया गया है।

## सालों से अहसनीय पीड़ा से परेशान महिला हुई स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**एक महिला कई सालों से कमर में असहनीय दर्द एवं चलने में असमर्थ थी। अपनी समस्या से परेशान महिला एमजीएम हास्पिटल में उपचार कराने के लिए पहुंची। डाक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उसका ऑपरेशन किया और सालों की बीमारी से परेशान महिला अब पूरी तरह से स्वस्थ हो गई है।**

जानकारी के अनुसार महिला गुल्ला बाई पति बालकरन कुशवाहा उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम गुडका तहसील मानपुर जिला उमरिया कई वर्षों से कमर में दर्द, पैरों में कमजोरी के कारण चलने में लाचार हो चुकी महिला एम.जी. एम. हॉस्पिटल के न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल ने महिला का परीक्षण किया एवं महिला की एम.जी.एम. हॉस्पिटल में ही एम. आर.आई. जांच कराई गई महिला की स्पाइन L1 से S1 तक रीड़ की हड्डी कई जगह से सुकड़ गई थी जिस कारण मरीज के पैरों में सुन्नपन एवं चलने में असमर्थ एवं कमर में असहनीय दर्द होने लगा था।

महिला का न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल एवं हॉस्पिटल की टीम द्वारा 9 घण्टे का सफल ऑपरेशन कर महिला की लम्बी बीमारी से निजात दिलाई। महिला अब पूर्णरूप से स्वस्थ्य है एवं चलने में पूरी तरह समर्थ हो गई है। महिला का उपचार आयुष्मान योजना के तहत पूर्णतः निःशुल्क किया गया।

### नवरात्रि पर्व पर जालपा मंदिर में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**कटनी।** नगर के प्रमुख आस्था के केन्द्र सिद्धपीठ श्री जालपा देवी मंदिर के पण्डा लालजी ने बताया कि आश्विन नवरात्रि का पावन पर्व आज 22 सितंबर सोमवार से प्रारम्भ हो रहे हैं। नवरात्रि पावन पर्व मंदिर में बड़े ही श्रृद्धा भवति के साथ मनाया जायेगा । बैठकी को मातारानी के जवारे स्थापित किये जावेगे। प्रति दिन रात्रि कालीन महाआरती, 9.30 होगी एवं माता रानी का श्रृंगार भी नवरात्रि पर्व पर प्रति दिन होगा। गरबा एवं श्री जालपा माई भगत समाज हरा प्रति दिन भगतो का गायन रात्रि में किया जावेगा। सप्तमी तिथि 28 सितंबर को रात्रि मे 9 बजे से माताजी भव्य अभिषेक होगा तथा अष्टमी तिथि को माताजी का विशेष श्रृंगार का दर्शन होगा। नवमी तिथि 30 सितंबर को माताजी के जवारो विसर्जन जलूस रात्रि में 8 बजे से प्रारम्भ होगा तथा नगर भ्रमण पश्चात जवारो का विसर्जन होगा। पण्डा ने समस्त धर्म प्रेमी श्रद्धालुजनों से धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

**खबर संक्षेप**

### साइकिल रैली का आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अनूपपुर द्वारा 'फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज' थीम के अंतर्गत रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नगरपालिका परिषद अनूपपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली तिवारी एवं पार्षद श्रीमती रेनू सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर से किया गया। रैली का समापन पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में हुआ। रैली में स्वास्थ्य, शिक्षा, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन शामिल हुए।

### दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने 20 वर्ष की सुनाई सजा


**शहडोल।** 10 नवम्बर 2023 को ब्यौहारी थाने में एक 17 वर्षीय बालिका ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 09 नवम्बर 2023 को आरोपी राजबहोर उर्फ राज उर्फ चंदू साहू उम्र 22 वर्ष ने अपने एक साथी के साथ उसका अपहरण कर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुएए पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर त्वरित विवेचना प्रारंभ की। उप निरीक्षक सुभाष दुबे द्वारा की गई सशक्त विवेचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। माननीय अपर सत्र न्यायाधीश ब्यौहारी पीठासीन न्यायाधीश जयदीप सोनबसे ने साक्ष्यों और तथ्यों पर विचार करते हुए आरोपी राजबहोर उर्फ राज उर्फ चंदू साहू उम्र 22 वर्ष निवासी चैराहा तालाब के पास वार्ड क्रमांक 4 ब्यौहारी शहडोल को दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को विभिन्न धाराओं के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा कुल 3000 रुपये का अर्थदंड लगाया।

### छात्राओ ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश



**शहडोल।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिले में विभिन्न तरह की गतिविधियो के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। जिलेभर के विद्यालयों में स्वच्छता संबंधित गतिविधियों में विद्यार्थी उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत धनपुरी नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत पीएम श्री कन्या विद्यालय धनपुरी में अध्यनरत छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर नागरिको को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका धनपुरी की मुख्य नगरपालिका अधकारी द्वारा छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

### सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतो का प्राथमिकता के साथ कराएं निराकरणः कलेक्टर



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समयावधि पत्रो की समीक्षा की तथा पत्रों का जवाब समय-सीमा में देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आपने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की मानीटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा उन शिकायतों के निराकरण के जवाब संबंधित एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेन्डेड नहीं रहे। शिकायतों का निराकरण निम्नगुणवत्ता के साथ नहीं किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें कम संख्या में हैं, उन विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें।

## बैठक में नहीं पहुंच पाये सीएमओ एवं बिजली विभाग के अधिकारी

# शांति समिति की बैठक संपन्न

ब्यौहारी।





आगामी नवरात्रि त्योहार देखते हुए थाना ब्यौहारी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में त्योहार को शांतिपूर्ण बनाए जाने संबंध विस्तार से चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अरूण पांडे ने कहा कि पंडाल शहडोल रीवा हाईवे में पंडाल को ज्यादा बड़ा ना करें विसर्जन अगले दिन 5:00 बजे से पहले कर ले क्योंकि रात्रि होने के बाद दिक्कत होगी दुर्गा पंडालों में अश्लील गाने ना बजे, रेत से भरी बाल्टी रखें बिजली का कनेक्शन आवश्यक रूप से लें बैठक को संबोधित करते हुए एस डी ओ पी मुकेश अविंद्रा ने कहा कि आप लोग 9 दिन लगन से पूजा करते हो और अंतिम समय में कोई शराब पीकर आपके कार्यक्रम को बिगाड़ने के लिए डिस्टर्ब करेंगे ऐसे लोगों को अपने सचल समरोह में शामिल न करें बैठक में प्रमुख रूप से अजय पांडे नायब तहसीलदार, मोहन पड़वार उप निरीक्षक, पत्रकार लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, अशोक तिवारी ,संजय सिंह, पार्षद सोनू साकेत, राजेंद्र सोनी प्रखंड अध्यक्ष, दशरथ प्रसाद लखेरा, रोशन नागपाल ,सुधीर पांडे, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।बैठक में नहीं पहुंच पाये सीएमओ -सोमवार को कलेक्टर की टीएल बैठक होने के कारण मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम बैठक खत्म होने के बाद पहुंचे इसी तरह से बिजली विभाग के संबंधित इंजीनियर और स्वास्थ्य विभाग से भी कोई नहीं पहुंचे जबकि नवरात्रि हिंदुओं का महत्व पूर्ण त्यौहार है ऐसे में सभी विभागों के अधिकारियों को रहना अनिवार्य होना चाहिए टीएल बैठक तो प्रत्येक सोमवार को होती है पर नवरात्रि का त्योहार साल में एक बार आता है।

## अस्थाई कनेक्शन लेने के बाद ही दुर्गा पंडालों में बिजली का उपयोग करें नहीं तो हो सकती है कार्रवाई

बुढार।

शारदेय नवरात्र के लिए आयोजन में भव्यता बनीं रहें जिसके लिए विधुत विभाग ने अस्थाई कनेक्शन देने की नियमावली लाई है।



मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा समिति के अध्यक्षों को विधुत विभाग ने लिखित सूचना देकर दुर्गा पंडाल में साज सज्जा के लिए बिजली उपयोग के लिए अस्थाई कनेक्शन देने का शासन के निर्देशानुसार प्रावधान है यदि अस्थाई कनेक्शन नहीं लेकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाये गये तो हो सकती है कानूनी कार्रवाई।

विधुत मंडल कनिष्ठ अभियंता विकास गोंदूणे ने समस्त दुर्गा समितियों के अध्यक्षों से आग्रह किया है कि दुर्गा पंडाल में अस्थाई विधुत कनेक्शन दो दिवस के अंदर ले लें यदि मौके निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाये गये तो विधुत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण तैयार कानूनी कार्रवाई की जावेगी।




# भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अनूपपुर के सदस्यों द्वारा शासकीय आईटीआई अनूपपुर में 20 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आम, सतपर्णी, गुलमोहर आदि के पौधे रोपे गए। इन पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी शासकीय आईटीआई अनूपपुर के प्रशिक्षण अधिकारी विजय शर्मा द्वारा ली गई। पौधरोपण कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी सहित राजकिशोर तिवारी, अशोक शर्मा, रामप्रकाश द्विवेदी, जीवेन्द्र तिवारी, राजा ताम्रकार, रवि त्रिपाठी, अशोक मिश्रा एवं आईटीआई के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मिलजुल कर त्यौहार मनाने का शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

## पर्व के दौरान पुलिस की रहेगी चौकस व्यवस्था, महिला पुलिसकर्मी भी रहेंगी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली त्यौहारों को शांतिपूर्ण, भाईचारे की भावना और हर्षोल्लास, उमंग, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर मनाया जाएगा। इस आशय की अपील सोमवार को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में संपन्न शांति समिति की बैठक में की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पराजगढ़ एवं कोतमा, होमगार्ड कमान्डेंट, यातायात प्रभारी, नपा अनूपपुर के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झरिया सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में नवरात्रि पर प्रतिमाओं की स्थापना और दुर्गा विसर्जन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में सभी त्यौहार आपसी समन्वय, भाईचारे की भावना और शांति, सौहार्द के वातावरण में मनाए जाने के संबंध में सहमति जताई गई। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कुंड बनाया जाएगा। विसर्जन स्थल पर प्रकाश, पानी, सुरक्षा और साफ-सफाई के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। दुर्गा प्रतिमाओं के विर्सजन के लिए भी आगामी समय में इसी कुण्ड का उपयोग किया जायेगा।

### दुर्गा पंडालों मे हो वैध विद्युत कनेक्शन

बैठक मे निर्णय लिया गया कि नवरात्रि के पूर्व सभी नगरीय क्षेत्रों में मार्गों की मरम्मत और साफ-सफाई कराई जाए। दुर्गा पंडाल स्थल पर रात्रि के समय समिति के दो लड़के आवश्यक रूप से रात्रि विश्राम करें तथा उनकी जानकारी संबंधित पुलिस थाने में मोबाइल नंबर सहित दिया जाए। इसी प्रकार दुर्गा पंडाल स्थल के लिए वैध विद्युत कनेक्शन बिजली विभाग की अनुमति से लिया जाए। अनूपपुर तथा नगरीय क्षेत्र के तालाबों एवं अन्य जलाशयों में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन ना हो इसकी भी निगरानी अधिकारी करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दुर्गा पंडालों में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति से रात्रि 10:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जाएगा। इसी प्रकार विजयादशमी समारोह का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका द्वारा समस्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बैरिकेट्स लगाए जाएंगे।

### सुरक्षा के रहेंगे माकूल प्रबंध

बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने कहा कि जिले की समभाव और सद्भाव की सामूहिक परंपरा कायम रखते हुए सभी त्यौहार मिलजुल कर मनाये। सामान्य शिष्टाचार और नियमों का पालन सभी को करना चाहिए। जिले के देव स्थलों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कर्मियों की व्यवस्था की जाएगी जिनमें से एक महिला पुलिसकर्मी भी होंगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने नगरों में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि अनूपपुर के बाजार में हैवी वाहन प्रतिबंधित रहेगा। अनूपपुर के थाना चौराहा से देवी मढ़यिा तक टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। जिससे नागरिकों को आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुलभ हो सके। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में कहा कि पर्व के दौरान पुलिस की चौकस व्यवस्था रहेगी तथा जिले की सद्भाव परम्परा को कायम रखने के लिए सभी के साथ मिलजुल कर कार्यक्रमों को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कहीं कोई अव्यवस्था दिखे, तो नागरिक पुलिस को तत्काल सूचित करें। बैठक में अन्य विभिन्न मुद्दों को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया।

# मेडिकल कॉलेज शहडोल में चलाया गया स्वच्छता अभियान

### डीन मेडिकल कॉलेज सहित प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा पैरामेडिकल स्टाफ ने किया श्रमदान

शहडोल।



निरोगी रहने के लिए स्वच्छता का होना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश के तरह जिले में भी सेवा पखवाडा अभियान 17 सितम्बर से चलाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा अभियान में जन-प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी व जनमानस बढ़-चढक़र सहभागिता निभाते हुए स्वच्छता का संदेश जनमानस को दे रहे है। सेवा पखवाडा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जैसे स्वास्थ्य परीक्षण कैंप, स्वच्छता श्रमदान, अपशिष्ट पृथक्करण एवं संग्रहण, अपशिष्ट सामग्री का सुसंगत निपटारा और सफाई मित्रों का अभिनंदन एवं जन जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं।

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अधिष्ठाता बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल डॉ. गिरीश बी रामटेके के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज परिसर में साफ सफाई एवं श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जनमानस को दिया गया। श्रमदान में अधीक्षक डॉ. नागेन्द्र सिंह, प्राध्यापक-डॉ. एस.एन. तिडक़े, डॉ. मितेश सिन्हा, सहायक प्राध्यापक, डॉ. धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार पटेल, डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. अनवय मौर्य एवं अन्य चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ एवं एम.बी.बी.एस. छात्र,छात्रायें तथा सफाई मित्र, सुरक्षाकर्मी ने भी सहभागिता निभाई। स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर, विभिन्न वार्डों, मेडिकल वेस्ट का उठाव जैसे कार्य किए गए। साथ ही मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों के परिजनों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई।

## रिश्वतखोर डॉक्टरों का नया फार्मूला ऑपरेशन से पहले ही वसूली का बीमा!

**शहडोल।** कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में रिश्वतखोरी का नया और अजब-गजब तरीका सामने आया है, जिसे जानकर कोई भी हैरान रह जाएगा। मामला ऐसा है कि सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों को ऑपरेशन से पहले ही मोटी रकम का पैकेज थमाया जाता है। डॉक्टर खुद ही ऑफर देते हैं, बाहर करवाओगे तो इतना खर्च आएगा, हमारे यहां आधे में करवा लो। सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज के वादे को हवा में उड़ा देने वाला यह खेल अब जनता में चर्चा का विषय बन चुका है। सबसे बड़ी चौंकाने वाली बात यह है कि अस्पताल ने रिश्वतखोरी को कानूनी संरक्षण देने का नया तरीका ईजाद कर लिया है। मरीज भर्ती होते ही उन्हें अन्य कागजातों के साथ एक जादुई पर्चा भी थमाया जाता है। इस पर्चे में लिखा होता है, हम अपनी मर्जी से इलाज करा रहे हैं। हमसे कोई पैसा नहीं लिया गया। हम रिश्वत नहीं दे रहे, न ही मांगी गई। हर मरीज के लिए यह पर्चा अलग-अलग होता है, ताकि किसी को पकडने का मौका ही न मिले। कई बार तो कर्मचारी ही यह सत्यापन-पत्र भर देते हैं और मरीज या परिजन केवल हस्ताक्षर कर देते हैं। यानी अपराध करने से पहले ही बचाव का इंतजाम। इस फार्मूले को देख दुनिया के किसी भी सरकारी अस्पताल में शायद ही किसी ने सुना हो, यह रिश्वतखोरी का बीमा है। गरीब और मजबूर मरीज, जो निजी अस्पतालों का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनका हाल और भी खस्ता है। बीमार मरीज और परिजन डर और मजबूरी में इस झूठे पर्चे पर हस्ताक्षर कर देते हैं। इलाज का दर्द और झूठ पर हस्ताक्षर करने की मजबूरी का यह दृश्य भावुक भी है और व्यंग्यात्मक भी। सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन रिश्वत बीमा की प्रतियां वायरल हो रही हैं। लोग इसे पढक़र ठहाके लगा रहे है, कुछ इसे नया जुगाड़ू जस्टिस कह रहे हैं, तो कुछ इसे रिश्वत का लीगल पेपर। जनता की प्रतिक्रिया इस पर मिली-जुली है, किसी को हास्य लगता है, तो किसी को रोष। शहडोल का इतिहास भी ऐसे गजब मामलों से भरा पड़ा है। पेंट घोटाला, ड्राई फ्रूट घोटाला और कई अन्य घोटाले कागजों में गुम हो गए। अब यह नया ऑपरेशन रिश्वत बीमा भी शायद उसी अंजाम की ओर बढ़ रहा है। आखिर सवाल वही पुराना है, गरीब और लाचार मरीज जाएं तो, कहां जाएं? जब सरकारी अस्पताल ही पैसों की चौखट पर इलाज का दरवाजा खोलते हैं, तो मजबूर लोगों के पास झूठे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के सिवा कोई विकल्प नहीं बचता। शहडोल जिला चिकित्सालय का यह अजब-गजब तरीका न केवल मरीजों को मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ रहा है, बल्कि पूरे सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की पोल भी खोल रहा है। सवाल यह है कि कब तक सरकारी अस्पताल मरीजों की मजबूरी और भ्रष्टाचार के इस खेल को बर्दाश्त करते रहेंगे?



**इनका कहना है...**

पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर जी.एस.परिहार के द्वारा यह चालू कराया गया था, हमने बंद किया था, अब कैसे कर रहे है, खबर नहीं, हम दिखवाते हैं।

डॉ शिल्पी सराफ
सिविल सर्जन

# विचारपुर पहुंचे खेल विभाग के प्रमुख सचिव फुटबॉल खिलाड़ियों से किया संवाद

शहडोल।



जिले के विचारपुर क्षेत्र को 'मिनी ब्राजील' के नाम से जाना जाता है और यहां के युवा फुटबॉल खिलाड़ी न केवल जिले बल्कि प्रदेश का नाम भी रोशन कर चुके हैं। इसी कड़ी में सोमवार को खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव मनीष सिंह शहडोल पहुंचे। उन्होंने विचारपुर के फुटबॉल ग्राउंड का दौरा किया और स्थानीय खिलाड़ियों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने विशेष रूप से उन खिलाड़ियों से बातचीत की, जो आने वाले समय में जर्मनी जाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण सुविधाओं को लेकर सुझाव भी दिए।

### प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्य सचिव मनीष सिंह ने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहडोल को एक आधुनिक और बेहतर फुटबॉल ग्राउंड की सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा खेल के प्रति युवा खिलाड़ियों का उत्साह देखकर शासन उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्रधानमंत्री मोदी का जिक्र बढ़ा उत्साह

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र कर चुके हैं। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों का मनोबल और अधिक बढ़ा है। खिलाड़ियों ने बताया कि विचारपुर में फुटबॉल लंबे समय से युवाओं की पहली पसंद रहा है। हालांकि, अब तक आधुनिक संसाधनों की कमी के कारण प्रतिभाएं पूरी तरह निखर नहीं पाईं। लेकिन शासन की पहल और अधिकारियों के दौरे से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

### खेल मानचित्र पर शहडोल की पहचान

इस दौरे ने न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि आने वाले दिनों में शहडोल को खेल मानचित्र पर और अधिक पहचान दिलाने की उम्मीद भी जगा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि उचित संसाधनों और प्रशिक्षण के साथ विचारपुर के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। प्रमुख सचिव के दौरे और खिलाड़ियों के सुझावों के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि शहडोल में फुटबॉल को नए स्तर पर ले जाने के प्रयास अब तेज होंगे। युवा खिलाड़ी अब न केवल खेल में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित हैं, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने का पूरा समर्थन भी मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### 8 साल बाद जीएसटी पर सरकार का दिखावा



अनूपपुर। केंद्र सरकार द्वारा अचानक कुछ वस्तुओं पर जीएसटी दर घटाने की घोषणा ने आम जनता में सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग पूछ रहे हैं कि "आखिर आठ साल तक जनता की जेब क्यों काटी गई। अब चुनाव आते ही क्यों याद आई महँगाई। भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी अनूपपुर के जिला महामंत्री वरुण चटर्जी ने तंज कसते हुए कहा" आज साहेब बता रहे हैं कि कल से जीएसटी घट रहा है, हकीकत यह है कि आठ साल से यही सरकार जनता को लूट रही थी। अब जब जनता नाराज़ है और चुनाव सिर पर हैं, तब दिखावा कर रहे हैं। जनता की नाराज़गी साफ झलक रही है। बाज़ार में छोटे व्यापारी कह रहे हैं "जीएसटी ने हमारा कारोबार चौपट कर दिया, रोज़ नए नियम और टैक्स का बोझ डालकर सरकार ने जीना मुश्किल कर दिया। वहीं गृहिणियाँ कह रही हैं "महँगाई से रसोई का चूल्हा ठंडा पड़ रहा है, और सरकार को अब होश आया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि यह राहत असल में जनता को गुमराह करने की एक चाल है। उन्होंने कहा कि "8 साल लूटा अब घटाकर क्या फायदा। चुनाव पास, अब जनता याद आई। जनता सब जानती है अब जुमलों से नहीं बहलने वाली। जनता का साफ कहना है कि अब उन्हें झूठे वादों और खोखली घोषणाओं से नहीं, बल्कि सच्ची राहत और जवाबदेही चाहिए।

### अग्रसेन जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



अनूपपुर। शशिधर अग्रवाल महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर अनूपपुर के अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नव युवक मंडल द्वारा इस वर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं सोमवार को महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर अनूपपुर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नव युवक मंडल द्वारा इस वर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल सर लगन पैलेस में समाज के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की दुकान लगाई शनिवार के दिन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ देर शाम नन्हे मुन्ने बच्चों, युवक, युवतियों एवं महिलाओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा सोमवार की सुबह अनूपपुर के चचाई मार्ग पर स्थित बड़ी मढ़िया से महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा रेलवे चौराहा,थाना चौराहा, बस स्टैंड, होटल गोविन्दम से मुख्य मार्ग पर निकाली गई इस दौरान जगह-जगह पर समाज के सदस्यो द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में समाज के सभी वर्गों द्वारा नृत्य-गायन करते हुए महाराजा अग्रसेन की जय घोष के नारे लगाए कार्यक्रम में अनूपपुर के साथ फुनगा, चचाई एवं राजेन्द्रग्राम के अग्रवाल समाज के सामाजिक साथी सम्मिलित रहे।

## जिले के 1511 खाद्यान्न पात्रताधारी हितग्राही पाए गए अपात्र, नोटिस जारी

# सरकारी अन्न पर डाका डालने वाले अपात्रों की खैर नहीं

**खाद्य विभाग कार्यालय में देना कारण सहित जवाब**

**गरीबों का राशन खाने वाले अमीरों की खुली कलई**

सरकारी 'अन्न' पर डाका डालने वाले अपात्रों की अब खैर नहीं। खाद्य सुरक्षा योजना में गरीबों का हक मारने वालों के खिलाफ खाद्य विभाग ने सघन अभियान छेड़ दिया है। जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों को भी इस जांच की जद में लिया जाएगा, जिससे किसी भी कोने में अपात्रों के लिए कोई गुंजाइश न बचे।



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

विभाग की टीमें गांव-गांव, गली-गली पहुंचकर जमीनी हकीकत खंगाल रही हैं। लाभार्थी के घर के साथ-साथ पड़ोसियों से भी गुप्त जानकारी जुटाई जा रही है कि क्या वाकई परिवार योजना का पात्र है या सरकारी नौकरी, पक्का मकान और चार पहिया वाहन होते हुए भी गरीबों के हक पर कुंडली मारे बैठा है। सबूत मिलते ही अपात्रों को नोटिस थमाया जा रहा है और नाम काटने की प्रक्रिया चालू है। विभाग की सर्जिकल स्ट्राइक का असर अभूतपूर्व रहा है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासन ठान ले तो अपात्रों की चालाकी नहीं चल सकती।

### इसलिए की जा रही कार्यवाही

केंद्र सरकार विभिन्न विभागों के डेटाबेस का उपयोग कर अपात्र खाद्यान्न हितग्राहियों की पहचान कर रही है, जिसके चलते कई हितग्राहियों को नोटिस जारी हो रहे हैं और उनके नाम पात्रता सूची से हटाए जा सकते हैं। जिन हितग्राहियों की सालाना आय 6 लाख रुपये से अधिक है या जिनका टर्नओवर 25 लाख रुपये से अधिक है और उन्होंने जीएसटी रिटर्न भरा है, उन्हें अपात्र माना जा रहा है। इन हितग्राहियों को अब इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा और उनके नाम सूची से हटा दिए जाएंगे। यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए है कि मुफ्त खाद्यान्न का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंद और पात्र लोगों को ही मिले। केंद्र सरकार विभिन्न एजेंसियों जैसे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड, कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय और पीएम-किसान जैसे डेटाबेस से जानकारी मिलाकर अपात्र लाभार्थियों की पहचान कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, जिन लोगों के जवाब संतोषजनक नहीं होंगे, उनके नाम राशन पात्रता सूची से हटा दिए जाएंगे। इस प्रक्रिया को 30 सितंबर 2025 तक पूरा करना है, जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

### जिले के 1511 हितग्राही पाए गए अपात्र

भारत सरकार द्वारा आयकर, अप्रत्यक्ष कर बोर्ड एवं कम्पनी मामले से प्राप्त डाटा को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों से मिलान उपरांत खाद्यान्न प्राप्त करने वाले अनूपपुर जिले के 1511 हितग्राहियों की सूची जारी की गई है, जो एनएफएसए अंतर्गत सम्मिलित 29 श्रेणियों में पात्रता नहीं रखते हैं व खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु पात्र नही है। जिनमें 1362 हितग्राहियों की वार्षिक आय 6 लाख से अधिक है तथा 140 हितग्राही पंजीकृत कम्पनियों में संचालक के पद पर कार्यरत सदस्य हैं एवं 9 हितग्राही 25 लाख रुपये से अधिक का व्यवसाय कर जीएसटी भुगतान करने वाले हैं। इस संबंध में इन हितग्राहियों को कारण बताओ सूचना पत्र विक्रेता के माध्यम से प्रेषित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने कहा है कि जिन-जिन हितग्राहियों को कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्त हुआ है, ऐसे हितग्राही 03 दिवस के भीतर कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य विभाग कार्यालय में आकर पत्र का जवाब कारण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा पात्रता पर्ची निरस्त कर दी जाएगी।

### अमीर बाजार में बेच रहे चावल

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए शासन द्वारा पात्रता पर्ची उपलब्ध कराई जाती है, जिसपर उन्हें हर माह राशन मिलता है। इस योजना का लाभ ऐसे अपात्र लोग भी ले रहे हैं, जिनके पास मकान, वाहन आदि सुविधाएं हैं। कर्मचारियों की मिलीभगत से अपात्रों की पर्ची बना दी जाती है। गौरतलब है कि वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा पांच किलो निःशुल्क राशन दिया जा रहा है और राज्य सरकार से निर्धारित शुल्क पर चावल, गेहूं मिल रहे हैं। अपात्र लोग पात्रता पर्ची पर चावल, गेहूं लेकर बाजार में बेच रहे हैं, क्योंकि उन्हें उसकी जरूरत नहीं रहती और जरूरतमंद लोग राशन में मिले अनाज का उपयोग स्वयं ही करते हैं। बड़ी मात्रा में चावल गल्ला व्यापारियों के पास पहुंच रहा है।



## लगन पैलेस मे आयोजित हुआ आनंद मेला

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल समाज द्वारा सर लगन पैलेस में आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। समाज की महिलाओं ने बड़ी उत्साहपूर्वक अपनी-अपनी दुकानों में विविध प्रकार के व्यंजन और पकवान सजाए जिनमें कटोरी चाट, दही बड़े, इडली-सांभर, रबड़ी मालपुआ, समोसा, चाउमीन, केक सहित कई स्वादिष्ट आइटम शामिल थे। पूरे मेले में बच्चों, महिलाओं और युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आगंतुकों ने हर दुकान पर जमकर खरीदारी की और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। कुल 19 दुकानों से 21,470 की बिक्री हुई। यह उपलब्धि समाज की सभी बहनों की मेहनत, लगन और एकजुटता का परिणाम रही। अग्रवाल समाज ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाली सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया और बधाई दी।

## खूंटाटोला बाजार में स्वच्छता पखवाड़ा सिर्फ "दिखावा"

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पपरौडी खूंटाटोला बाजार में आज भी सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। बाजार और आस-पास के इलाकों में कचरे का ढेर एवं गंदगी का अंबार जमा हो चुका है, जिससे स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीण संधू केवट ने बताया कि बाजार से लगे घरों में रहने वाले लोग गंदगी के कारण मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। स्थिति इतनी खराब है कि लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर रोज़ चिंता में रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की शिकायतें कई बार जनपद पंचायत कार्यालय और सीएम हेल्पलाइन में की गई हैं। यहां तक कि सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक 34554139 पर भी मामला दर्ज कराया गया, लेकिन न तो बाजार में सफाई हुई और न ही कचरा उठाया गया। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा केवल दिखावे तक सीमित है। धरातल पर न तो सफाईकर्मी सक्रिय दिखते हैं और न ही अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की जा रही है।संधू केवट ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बाजार क्षेत्र की सफाई नहीं कराई गई तो वे ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सफाई अभियान चलाकर गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोग गंभीर बीमारियों से बच सकें। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिन्होंने बार-बार शिकायतों के बावजूद लापरवाही बरती है।

**श्रद्धालुओं ने किया जल तर्पण और पिंडदान, नर्मदा तट पर गूंजे वैदिक मंत्र**

## सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर अमरकंटक में उमड़ी आस्था

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक



पवित्र नगरी अमरकंटक, जहाँ से माँ नर्मदा की अविरल धारा प्रवाहित होती है, सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। देश के विभिन्न हिस्सों से आए भक्तों और तीर्थयात्रियों ने नर्मदा उद्गम कुंड, कोटि तीर्थ घाट, रामघाट तथा आरंडी संगम तट पर स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई।

### पितरों को दी विदाई

श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रों की गूंज और परंपरागत विधि-विधान के साथ अपने पितरों को जल तर्पण और पिंडदान कर विदा किया। इस अवसर पर लोगों ने कामना की कि पितरों की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहे और उनके आशीर्वाद से जीवन के सभी कार्य सफल हों। "पितृकृपा से ही परिवार और समाज की उन्नति होती है, अतः श्रद्धा से किया गया तर्पण आत्मिक शांति प्रदान करता है। नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर परिसर और घाटों पर सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर आरती की और मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और वैदिक उच्चारणों से दिव्य आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा।

### आचार्यों ने कराया पूजन

स्थानीय आचार्य एवं पुरोहितों ने परंपरागत ढंग से पितृ तर्पण और पिंडदान की विधि संपन्न कराई। लगभग 20 से 25 श्रद्धालु इस अवसर पर अमरकंटक पहुँचे और विधिपूर्वक अनुष्ठान कर अपने पितरों को स्मरण किया। सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर किया गया तर्पण ही पितरों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

## अमरकंटक में शारदीय नवरात्र की भव्य तैयारियां

**11 दिनों तक रहेगा उत्सव का रंगारंग आयोजन**

हरभिमि न्यूज अमरकंटक।



पवित्र नगरी अमरकंटक में शारदीय नवरात्र महापर्व की तैयारियां पूरे उत्साह और आस्था के साथ पूरी कर ली गई हैं। आगामी 11 दिनों तक नगर में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचेगी। नवरात्र के शुभारंभ पर नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर में भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचकर घृत ज्योति स्थापित करेंगे, जिसके दर्शन और पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। कलश कल्याण सेवा आश्रम द्वारा नवरात्र की पूर्व संध्या पर विशाल एवं मनोहरी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा आश्रम परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नर्मदा उद्गम मंदिर तक पहुंचेगी। आकर्षक झांकियों, भव्य सजावट और भक्तिमय माहौल से सजी यह शोभायात्रा नगरवासियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। आश्रम परिसर में प्रतिदिन विविध धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज का प्रेरणादायी प्रवचन श्रद्धालुओं को नवरात्र की महिमा और देवी आराधना का संदेश देगा। इसके साथ ही निशा हवन, सतचंडी पाठ, देवी भागवत पुराण तथा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम (भजन संध्या, गरबा, नृत्य और कीर्तन) आयोजित किए जाएंगे। शंकराचार्य आश्रम स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में पूरे नवरात्र के दौरान विशेष घृत ज्योति एवं तेल ज्योत प्रज्वलित की जाएगी, जो भक्तों के लिए दिव्य वातावरण का अनुभव कराएगी। वहीं नगर के विभिन्न स्थलों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जगह-जगह सजे हुए आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का केंद्र बने हुए हैं। नवरात्र महोत्सव के अवसर पर नगर में भक्तों और पर्यटकों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। नगर प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के मां दुर्गा के दर्शन कर सकें। अमरकंटक के धार्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में शारदीय नवरात्र सदैव विशेष महत्व रखता है। इस बार भी यहां का वातावरण भक्तिरस और आस्था से परिपूर्ण रहेगा, जहां माता रानी की जयकारों से पूरी नगरी गूंज उठेगी।

## स्वच्छता पखवाड़ा में स्वच्छता का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार 22 सितंबर को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी इसरार मंसूरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। मंच पर ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कुमार सिंह चंदेल (स्टेट रेफरी एवं नेशनल ट्रेनर वॉलीबॉल) भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ हुआ। इसके बाद पूरे नगर में "स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है", "घर-घर में हो साफ सफाई", "हम सबका एक ही सपना, स्वच्छ हो अनूपपुर अपना" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। मुख्य अतिथि चैतन्य मिश्रा ने कहा कि "स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। पहले व्यक्तिगत, फिर परिवार, विद्यालय, वार्ड, नगर और अंततः जिले व राज्य की सफाई में योगदान देना होगा। तभी स्वच्छता पखवाड़ा सार्थक होगा।" तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि समय का पाबंद रहते हुए स्वच्छता अपनाना ही भारत को स्वच्छ देशों की श्रेणी में आगे लाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं रंजना मिश्रा, ईश्वरचंद्र सिंह, अरुण तिवारी, क्रांति सिंह राउतराय, मिठ्ठूलाल साहू, प्रज्ञा सिंह, मीना द्विवेदी, नीलम साहू, सूरज सोनी, अमिता मरकाम, रामनरेश सोनी, निधि सोनी, दिव्या मिश्रा, वर्षा बिल्लहरे सहित नगर पालिका कर्मचारी दुर्गेश यादव और सुमित का विशेष योगदान रहा। आयोजन में ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कुमार सिंह चंदेल का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कौशलेंद्र सिंह एवं दिनेश कुमार सिंह चंदेल ने किया।

**बाबा कल्याण दास जी महाराज के आशीर्वाद से सम्पन्न हुआ दिव्य आयोजन**

## अमरकंटक में भक्तिभाव से संपन्न हुई भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

माँ नर्मदा की पावन जन्मभूमि अमरकंटक क्वांर नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आस्था से सराबोर हो उठा। पारंपरिक और बहुप्रतीक्षित विशाल कलश यात्रा ने नगर को अलौकिक आभा से भर दिया। कल्याण आश्रम से प्रारंभ होकर नर्मदा उद्गम मंदिर से पावन जल लेकर यह यात्रा नगर भ्रमण पर निकली।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन

नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर में पुजारी कामता प्रसाद द्विवेदी (नीलू महाराज), उमेश द्विवेदी (बंटी महाराज), धनेश द्विवेदी (वंदे महाराज), उत्तम द्विवेदी, राजेश द्विवेदी (बल्लू महाराज), रूपेश द्विवेदी सहित अन्य ने शास्त्रोक्त विधि से कलश पूजन एवं देवी भागवत पुराण का अर्चन कराया।

### शोभायात्रा बनी श्रद्धा का महाकुंभ

सांस्कृतिक झांकियों, वाद्य यंत्रों और भक्तिमय गीतों ने नगर को देवभूमि जैसा स्वरूप प्रदान किया। गली-गली पुष्पवर्षा के बीच "जय माता दी" के उद्घोष से संपूर्ण वातावरण गूंज उठा। भव्य शोभायात्रा में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह, रंजीत सिंह, संतोष पांडे, श्यामलाल सेन, अध्यक्ष वीरू तंबोली, प्रकाश द्विवेदी, रामसेवक कुशवाहा, सोनू जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। पत्रकारों में धनंजय तिवारी, श्रवण उपाध्याय, उमाशंकर पांडेय और संजय श्रीवास विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन की कमान कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी हिमाद्री मुनि महाराज ने संभाली। नगर परिषद ने साफ-सफाई और जल छिड़काव की व्यवस्था की, वहीं अमरकंटक पुलिस ने सुरक्षा की बागडोर संभाली।

### सांस्कृतिक विविधता

इस भव्य कलश यात्रा में विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत किया। उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के कलाकारों ने ढोल-नगाड़ों और वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि से उत्सव को और भव्य बना दिया। यह भी है उपस्थित कल्याण सेवा आश्रम के प्रमुख संतों में स्वामी जगदीश आनंद स्वामी धर्मानंद स्वामी हारस्वरूप महाराज स्वामी शांतानंद महाराज स्वामी नर्मदानंद महाराज स्वामी रामानंद महाराज कोठारी बाबा स्वामी सुंदरानंद महाराज स्वामी महादेवानंद महाराज पुजारीगण में सुनील दुबे संदीप जोशी सहित अन्य उपस्थित रहे। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं रही, बल्कि आस्था, एकता और संस्कारों का जीवंत प्रतीक बनकर अमरकंटक के आध्यात्मिक इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ गई।

